कक्षा - 11

इतिहास

विश्व इतिहास के कुछ विषय

अनुभाग-2 : साम्राज्य

विषय-2: तीन महाद्वीपों में फैला हुआ साम्राज्य

भाग-3

रोमन साम्राज्य का आर्थिक विस्तार

निर्मल सिंह



विवरण (Overview)

1. रोमन साम्राज्य का गठन और शहरीकरण
2. रोमन साम्राज्य का समाज और संस्कृति
3. रोमन साम्राज्य का आर्थिक विस्तार
4. दास-श्रम और सामाजिक श्रेणियाँ
5. परवर्ती पुराकाल



अर्थव्यवस्था के साधन



☛ आर्थिक आधारभूत ढाँचा काफी मजबूत था।



- ये मुख्यत: स्पेन, गैलिक प्रांतों, उत्तरी अफ्रीका, मिस्त्र तथा अपेक्षाकृत कम मात्रा में इटली से आती थी।
- शराब, जैतून का तेल तथा अन्य तरल पदार्थों की ढुलाई ऐसे मटकों या कंटनेरों में होती थी जिन्हें "एम्फ़ोरा" कहते थे।
- रोम में मोंटी टेस्टैकियो स्थल पर ऐसे 5 करोड़ से अधिक मटकों के अवशेष पाए गए हैं।



- स्पेन में जैतून का तेल निकालने का उद्यम 140-160 ईस्वी के वर्षों में चरमोत्कर्ष पर था।
- स्पेन में उत्पादित जैतून का तेल ऐसे कटेनरों में ले जाया जाता था जिन्हे ड्रेसल-20 कहते थे।



- यह नाम हेनरिक ड्रेसल नामक पुरातत्त्वविद के नाम पर आधारित है।
- ड्रेसल-20 नामक कंटेनरों के अवशेष भूमध्यसागरीय क्षेत्र में अनेक उत्खनन-स्थलों पर पाए गए हैं।



- भिन्न-भिन्न प्रदेशों के जमींदार एवं उत्पादक अलग-अलग वस्तुओं का बाजार हथियानें के लिए प्रतिस्पर्धा करते रहते थे।
- स्पैन के जैतून के तेल के उत्पादक अपने इतावली प्रतिद्वंदियों से तेल का बाजार छीनने में सफल हुए।
- बाद में उत्तरी अफ्रीका के उत्पादकों ने स्पेन के जैतून के तेल उत्पादकों जैसा महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लिया।



- फिर 425 ई. के बाद एगियन, दक्षिणी एशिया-माइनर (तुर्की), सीरिया और फिलिस्तीनी व्यापारी अंगूरी शराब तथा जैतून-तेल के प्रमुख निर्यातक बन गए।



साम्राज्य के प्रमुख उर्वरता वाले क्षेत्र

1. इटली में कैम्पैनिया
2. मिस्त्र में फैय्यूम, गैलिली, बाइजैकियम (ट्यूनीसिया), दक्षिणी गॉल (गैलिया नार्बोनेंसिस)
3. बाएटिका (दक्षिणी स्पेन) में बाएटिका

- स्ट्रैबो तथा प्लिनी के अनुसार ये सभी प्रदेश साम्राज्य के घनी आबादी वाले प्रदेश थे।
- सबसे बढ़िया किस्म की अंगूरी शराब कैम्पैनिया से आती थी।
- सिसिली और बाइजैकियम रोम को गेहूँ का निर्यात करते थे।
- गैलिली में गहन खेती होती थी।
- इतिहासकार जोसिफ़स ने लिखा है: प्रदेशवासियों ने जमीन के एक-एक इंच टुकड़े पर खेती कर रखी है।

- स्पेन का जैतून का तेल गुआडलक्विविर नदी के किनारों के साथ बसी जमींदारियों (फंडी) से आता था।
- नुमीडिया (आधुनिक अल्जीरिया) के क्षेत्रों में ऋतु-प्रवास व्यापक पैमाने पर होता था।

- ऋतु प्रवास : ऊँचे पहाड़ी क्षेत्रों और नीचे के मैदानी इलाकों में भेड़-बकरियों तथा अन्य जानवरों को चराने के लिए चरागाहों की खोज में ग्वालों तथा चरवाहों का मौसम के अनुसार वार्षिक आवागमन।



- चरवाहे तथा अर्ध-यायावर अपने साथ में अवन आकार की झोपड़ियां (मैपालिया) उठाए इधर-उधर घूमते-फिरते रहते थे।



- उत्तरी अफ्रीका में रोमन जागीरों के विस्तार से चरागाहों की संख्या में कमी आई।
- खानाबदोश चरवाहों की आवाजाही भी नियंत्रित हो गई।
- स्पेन में भी, उत्तरी क्षेत्र बहुत कम विकसित था।
- इसमें अधिकतर केल्टिक भाषी किसानों की आबादी थी।



- ये पहाड़ियों की चोटियों पर बसे गांवों (कैस्टेला) में रहते थे।
- इस काल में जल-शक्ति से मिलें चलाने की प्रौद्योगिकी में ख़ासी प्रगति हुई।
- स्पेन की सोने और चाँदी की खानों में जल-शक्ति से खुदाई की जाती थी।
- उस समय सुगठित वाणिज्यिक और बैंकिंग व्यवस्था थी



सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes)

1. रोमन अर्थव्यवस्था के साधन
2. जल-शक्ति का प्रयोग



मूल्यांकन (Assessment)

1 एम्फ़ोरा क्या थे?



अ एक प्रकार की सेना

ब एक प्रकार का कंटेनर

स एक प्रकार का जिला प्रशासक

द उपरोक्त में से कोई नहीं



मूल्यांकन (Assessment)

2 बढ़िया किस्म की अंगूरी शराब कहाँ से आती है?

अ कार्थेज

ब सिंदरिया

स अन्ताकिया

द कैम्पैनिया



मूल्यांकन (Assessment)

3 रोम में मुख्य व्यापारिक मदें थी?

अ गेहूँ

ब अंगूरी शराब

स जैतून का तेल

द उपरोक्त सभी



मूल्यांकन (Assessment)

4 स्पेन में उत्पादित जैतून का तेल ड्रेसल-20 नामक कंटेनरों में ले जाया जाता था।

अ ✓ सत्य

ब असत्य





मूल्यांकन (Assessment)

5 | स्पेन ..... के व्यापार के लिए प्रसिद्ध था?

जैतून के तेल



मूल्यांकन (Assessment)



4 यकृत शोथ बी, जननिक परिसर्प व संक्रमण को छोड़कर सभी यौन रोग उपचार योग्य होते हैं।

अ सत्य

ब असत्य